उत्तर प्रदेश शासन,

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

संख्या-43/2016/1990/92-1-2016-78(अधि0)/2016

लखनऊ: दिनांक: 30 जून, 2016

**कार्यालय-ज्ञाप**

तात्कालिक प्रभाव से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के निम्नलिखित अधिशासी अभियंताओं को अधोतालिका के स्तम्भ सं0-3 में उल्लिखित उनकी वर्तमान तैनाती के स्थान से शासकीय कार्यहित/जनहित में स्थानांतरित करते हुये एतद्द्वारा उन्हें अधोतालिका के स्तम्भ-4 में उल्लिखित प्रखण्ड/पी0आई0यू0 में तैनात किया जाता है :-

| क्र0सं0 | नाम | वर्तमान तैनाती | नवीन तैनाती |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1- | श्री परवेज | पी0आई0यू0-महोबा | प्रखण्ड-हमीरपुर |
| 2- | श्री वीरपाल राजपूत | पी0आई0यू0-जौनपुर | प्रखण्ड-जालौन |
| 3- | श्री मनोज कुमार गर्ग | प्रखण्ड-मुजफ्फरनगर | प्रखण्ड-बांदा |
| 4- | श्री अभय शंकर सिंह | प्रखण्ड-संतकबीर नगर | पी0आई0यू0-सिद्धार्थनगर (प्रखण्ड-सिद्धार्थनगर एवं प्रखण्ड-संतकबीरनगर का अतिरिक्त प्रभार) |
| 5- | श्री राम प्रसाद राम | पी0आई0यू0-सिद्धार्थनगर | पी0आई0यू0-महोबा (प्रखण्ड-महोबा का अतिरिक्त प्रभार) |
| 6- | श्री एन0के0 दुबे | प्रखण्ड-इलाहाबाद | पी0आई0यू0-जौनपुर (प्रखण्ड-जौनपुर का अतिरिक्त प्रभार) |
| 7- | श्री सुरेश चन्द्र | प्रखण्ड-मिर्जापुर | प्रखण्ड-चन्दौली |
| 8- | श्री विजय कुमार दुबे | पी0आई0यू0-सोनभद्र | प्रखण्ड-झॉसी |
| 9- | श्री शैलेन्द्र कुमार गुप्ता | पी0आई0यू0-फर्रूखाबाद | पी0आई0यू0-बदायूँ (प्रखण्ड-बदायूँ का अतिरिक्त प्रभार) |
| 10- | श्री रियाज अहमद सिद्दीकी | प्रखण्ड-लखनऊ | प्रखण्ड-सुलतानपुर |
| 11- | श्री ब्रजेन्द्र कुमार | प्रखण्ड-सहारनपुर | सम्बद्ध कार्यालय मुख्य अभियंता (पश्चिमी), लखनऊ |
| 12- | श्री अरूण कुमार अग्रवाल | प्रखण्ड-सुलतानपुर | मुख्यालय, लखनऊ |
| 13- | श्री बाल कृष्ण | प्रखण्ड-चित्रकूट | प्रखण्ड-अलीगढ़ |

2- उपरोक्त अधिशासी अभियंताओं में से जिन अभियंताओं द्वारा अपने मूल पद के कर्तव्यों एवं दायित्वों के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार के रूप में वर्तमान में किन्हीं अन्य पी0आई0यू0/प्रखण्ड के कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है, वे स्वत: समाप्त समझे जायेंगे।

3- उपरोक्त अधिशासी अभियंताओं में से जिन अभियंताओं को अपने मूल पद के कर्तव्यों एवं दायित्वों के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार के रूप में किन्हीं अन्य पी0आई0यू0/प्रखण्ड के कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु अधिकृत किया जा रहा है, वह कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है तथा उक्त अतिरिक्त कार्यभार के सम्पादन हेतु उन्हें किसी प्रकार का अतिरिक्त वेतन भत्ते अनुमन्य नहीं होंगे।

4- उपरोक्त अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी वर्तमान तैनाती के स्थान से कार्यमुक्त होकर नवीन तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण कर कार्यभार प्रमाणक की प्रति शासन को तत्काल उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

महेश कुमार गुप्ता
प्रमुख सचिव।

**संख्या-43/2016/1990(1)/92-1-2016, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4- मुख्य अभियंता (पूर्वी/पश्चिमी), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी/कोषाधिकारी।
6- संबंधित अधिशासी अभियंतागण द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
7- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

( शिशिर कुमार यादव )
विशेष सचिव।